### पूरे हर्षोल्लास व गरिमा के साथ मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह, कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी

# भारतमाता की जय और वंदेमातरम् से गूंज उठा शहर




हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिन्दवाड़ा

जिले में 79वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड छिन्दवाड़ा में आयोजित किया गया था। कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने पुलिस परेड ग्राउण्ड छिन्दवाड़ा में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। ध्वजारोहण होते ही पुलिस परेड ग्राउण्ड 'जन-गण-मन अधिनायक जय हे' की गूंज से गुजांयमान हो उठा। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के संदेश वाचन के सीधे प्रसारण को एलईडी वॉल पर देखा व सुना गया एवं इसके बाद मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा बधाई संदेश का वाचन किया गया तथा नील गगन में हर्ष और उल्लास के प्रतीक गुब्बारे छोड़े गये। समारोह में हर्ष फायर एवं आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत की गई। मार्चपास्ट में 11 प्लाटून अपने-अपने प्लाटून कमांडर के नेतृत्व में शामिल हुई जिनमें प्लाटून कमांडर सब इंस्पेक्टर श्री रविन्द्र उइके के नेतृत्व में एसएएफ 8वीं बटालियन, प्लाटून कमांडर सब इंस्पेक्टर श्री चेतन मर्सकोले के नेतृत्व में जिला पुलिस बल, प्लाटून कमांडर श्री गणेश कुमार धुर्वे के नेतृत्व में जिला होमगार्ड, प्लाटून कमांडर सब इंस्पेक्टर सुश्री शिखा पाठक के नेतृत्व में महिला पुलिस बल, प्लाटून कमांडर सीनियर अंडर ऑफीसर सेवती प्रन्द्राम के नेतृत्व में एन.सी.सी. सीनियर डिवीजन गर्ल्स, प्लाटून कमांडर सीनियर अंडर ऑफीसर श्री वीरेन्द्र डेहरिया के नेतृत्व में एन.सी.सी. सीनियर डिवीजन बॉयज, प्लाटून कमांडर वनपाल श्री राजन डेहरिया के नेतृत्व में एम.पी.फॉरेस्ट छिन्दवाड़ा वृत्त, प्लाटून कमांडर सार्जेन्ट अंश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एन.सी.सी. जूनियर डिवीजन बॉयज, प्लाटून कमांडर सार्जेन्ट दीप्ति सोमकुंवर के नेतृत्व में एन.सी.सी. जूनियर विंग गर्ल्स, प्लाटून कमांडर कु.अदिति कड़वे के नेतृत्व में शौर्यादल, प्लाटून कमांडर श्री गंगाराम आतराम के नेतृत्व में एसएएफ बैंड प्लाटून शामिल रही।

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने खुली जीप में पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता तथा परेड कमांडर श्री आशीष तिवारी के साथ परेड का निरीक्षण किया। समारोह में कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने राजस्व, पुलिस, शिक्षा, ग्रामीण विकास, आपूर्ति, शहरी विकास, जनजातीय कार्य, अभियोजन, स्वास्थ्य, जनसंपर्क, समाजसेवा और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों और अन्य व्यक्तियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



कलेक्टर श्री सिंह ने समारोह में परेड के सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये प्रथम समूह में जिला पुरूष पुलिस बल को, द्वितीय समूह में एन.सी.सी.सीनियर डिवीजन बॉयज व वन विभाग को और तृतीय समूह में शौर्या दल को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया। बेस्ट परेड में बेस्ट परेड कमांडर का पुरस्कार परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक श्री आशीष तिवारी, बेस्ट परेड सेकण्ड इन कमांडर का पुरस्कार सब इंस्पेक्टर श्री रोहित शेंडे और एस.ए.एफ. के बेस्ट बैंड प्लाटून वादन के लिये प्रधान आरक्षक श्री गंगाराम आतराम को प्रदान किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिये शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा को प्रथम और निर्मला इंग्लिश मीडियम स्कूल छिंदवाड़ा को व्दितीय स्थान के लिये शील्ड व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही व्यायाम प्रदर्शन के लिये संत श्री आसाराम गुरूकुल छिंदवाड़ा को भी पुरूस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शहीद सैनिकों के परिवारजनों और लोकतंत्र सेनानियों का शॉल व श्रीफल से सम्मान किया गया।कार्यक्रम में जिला प्रशासन छिंदवाड़ा द्वारा नरवाई प्रबंधन कार्यक्रम अंतर्गत खेतों में आगजनी की घटनाओं में कमी लाने के प्रयास में 20 कषकों को सुपर सीडर का वितरण किया गया।

**ये रहे मौजूद** : समारोह में विशिष्ट अतिथि छिन्दवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू, नगर निगम छिंदवाड़ा के महापौर श्री विक्रम अहके, डॉ.शेषराव यादव, म.प्र.भारिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री दिनेश कुमार अंगारिया, श्री अंकुर शुक्ला, अजय सक्सेना, श्री रोहित पोफली व अन्य जनप्रतिनिधि, शहर के गणमान्य नागरिक, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, अतिरिक्त कलेक्टर श्री धीरेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आयुष गुप्ता, एस.डी.एम. श्री सुधीर जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी व श्रीमती ज्योति ठाकुर, आयुक्त नगरपालिक निगम श्री सी.पी.राय और अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण छिन्दवाड़ा श्री पी.राजोदिया सहित जिला प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारी, पत्रकार और आम नागरिकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री नरेन्द्र शक्रवार, श्रीमती वाणी शुक्ला और श्री ओ.पी.शर्मा ने किया।



## कांग्रेस ने हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस, शहर में चार स्थानों पर किया ध्वजारोहण

जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक मुख्यालयों पर कांग्रेस ने आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस को पूर्ण हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया। पूर्व से निर्धारित स्थानों पर ध्वजारोहण करने के उपरांत स्वतंत्रता सेनानियों व महापुरुषों के चरणों में नतमस्त हुये कांग्रेसजन ने स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानी को याद किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे ने जिला मुख्यालय स्थित राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में ध्वजारोहण कर समस्त जनमानस को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी रीति नीति के अनुसार देशहित में निरंतर अपना सम्पूर्ण योगदान देगी। जनविरोधी व देश विरोधी ताकतों के खिलाफ आमजन की आवाज बनकर देश की रक्षा के लिये कांग्रेस का प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता सिपाही बनकर खड़ा रहेगा। ब्लॉक मुख्यालयों पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। शहर के अन्य तीन स्थानों पर पृथक-पृथक ध्वजारोहण संगठन के ही अन्य पदाधिकारियों ने किया। कांग्रेस के व्यक्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आजादी के उपरांत कांग्रेस के समक्ष अनेक चुनौतियां थी जिसे पार करते हुये कांग्रेस के प्रतिनिधियों के नेतृत्व में देश ने उत्तरोउत्तर उन्नति व प्रगति की है। कांग्रेस ने स्वतंत्रता दिवस पर सर्वप्रथम राजीव कांग्रेस भवन, तत्पश्चात महात्मा गांधी चौक (फव्वारा चौक), नेहरू जी की प्रतिमा के समक्ष व छोटी बाजार जय स्तम्भ के समीप ध्वजारोहण किय गया।





## कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर कार्यालय में किया ध्वजारोहण



कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा 79वें स्वतंत्रता दिवस पर आज कलेक्टर कार्यालय प्रागंण में ध्वजारोहण किया गया । राष्ट्रीय ध्वज फहरते ही ध्वज को सलामी देने के साथ ही 'जन गण मन अधिनायक....' राष्ट्रगान का सभी ने गायन किया। शासकीय कलापथक दल के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत संगीतमय ध्वनि के साथ राष्ट्रगान का गायन हुआ। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनायें भी दी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, अतिरिक्त कलेक्टर श्री धीरेन्द्र सिंह, एस.डी.एम. श्री सुधीर जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी व श्रीमती ज्योति ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्री आर.के.मेहरा सहित सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा प्रातः के समय कलेक्टर निवास प्रांगण में भी ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रीय ध्वज फहरते ही सभी ने ध्वज को सलामी देने के साथ ही राष्ट्रगान का गायन किया। इसके अलावा सभी विभागों के कार्यालय प्रमुखों ने भी अपने विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की मौजूदगी में कार्यालय भवन में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में किया ध्वजारोहण

कलेक्टर एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक छिंदवाड़ा के प्रशासक श्री शीलेन्द्र सिंह ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर्व पर आज जिला सहकारी केंद्रीय बैंक छिंदवाड़ा में ध्वजारोहण किया । इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, उपायुक्त सहकारी संस्थायें श्री घनश्याम डेहरिया, बैंक के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री ए.के.जैन, अन्य कर्मचारी और बैंक की स्थानीय शाखा कृषि, गांधी गंज, अमानत शाखा के कर्मचारी व शाखा प्रभारी और मुख्यालय के सभी कक्षों के कक्ष प्रभारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## सांसद, महापौर, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारियों ने बच्चों के साथ खाई खीर-पूरी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत विशेष भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान सांसद श्री विवेक बंटी साहू, नगर निगम छिंदवाड़ा के महापौर श्री विक्रम अहके, डॉ.शेषराव यादव, श्री अंकुर शुक्ला, श्री अजय सक्सेना, श्री विजय पांडे व अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, एसपी श्रीमती निवेदिता गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, अतिरिक्त कलेक्टर श्री धीरेन्द्र सिंह सहित जिला प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारियों ने पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलाश नगर छिंदवाड़ा में आयोजित मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में सहभागिता की और स्कूली बच्चों के साथ बैठकर खीर-पूरी और स्वादिष्ट भोजन ग्रहण किया । उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत में दीप प्रज्ज्वलन कर भारत माता, महात्मा गांधी व सरस्वती माता के चित्रों पर माल्यापर्ण किया और कन्याओं का पूजन किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र श्री जे.के.इडपाचे व स्कूल के प्राचार्य व प्रधानाध्यापक के साथ ही जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे ।

## पांढुर्णा में पूरे हर्षोल्लास व गरिमा के साथ मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

जिला पांढुर्णा में 79वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह नगरपालिका ग्राउण्ड पांढुर्णा में आयोजित किया गया । पांढुर्णा कलेक्टर श्री अजय देव शर्मा ने नगरपालिका ग्राउण्ड पांढुर्णा में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। ध्वजारोहण होते ही नगरपालिका ग्राउण्ड में 'जन-गण-मन अधिनायक जय हे' की गूंज से गुजांयमान हो उठा। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के संदेश वाचन के सीधे प्रसारण को एलईडी वॉल पर देखा व सुना गया एवं इसके बाद मुख्य अतिथि पांढुर्णा कलेक्टर श्री अजय देव शर्मा द्वारा बधाई संदेश का वाचन किया गया तथा नील गगन में हर्ष और उल्लास के प्रतीक गुब्बारे छोड़े गये । समारोह में हर्ष फायर एवं आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत की गई। मार्चपास्ट में प्लाटून अपने-अपने प्लाटून कमांडर के नेतृत्व में शामिल हुये । पांढुर्णा कलेक्टर श्री अजय देव शर्मा ने खुली जीप में पांढुर्णा पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुमार त्रिपाठी और परेड कमांडर के साथ परेड का निरीक्षण किया। इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।



## पूर्व विधायक जतन उईके बने जिला कांग्रेस कमेटी के कप्तान

### फिर से कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने विश्वनाथ ओक्टे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा





आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी ने पांढुर्ना के पूर्व विधायक जतन उईके को जिला कांग्रेस कमेटी का नया कप्तान घोषित कर दिया है। लगभग एक वर्ष से परिवर्तन की मांग कर रहे जिले के अनेक कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं की मंशा पूरी हुई है। हालांकि चर्चा यह थी कि निवर्तमान जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश झलके को पद पर यथावत रखा जाएगा। लेकिन इस बार कांग्रेस की चाल और रणनीति कुछ अलग ही संकेत दे रही है।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जतन उईके ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ और राष्ट्रीय स्तर के कांग्रेस नेताओं का धन्यवाद व्यक्त किया। इन्होंने कहा कि मै सभी पार्टी के सभी नेताओं, प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं को पूरा मान सम्मान दूंगा और सभी को अपने साथ लेकर चलूंगा। इन्होंने संकेत दिया कि पांढुर्ना में इनका जनसंपर्क कार्यालय शीघ्र ही शुरू होगा।

वहीं छिंदवाड़ा में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे होंगे। तीसरी बार है जब पार्टी ने उन पर भरोसा जताया है। उनसे पहले लंबे समय तक कांग्रेस का नेतृत्व गंगाप्रसाद तिवारी के हाथों में रहा। वे करीब 22 वर्षों तक जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद पर बने रहे। इसके बाद 10 मार्च 2021 को संगठन ने बदलाव करते हुए विश्वनाथ ओकटे को पहली बार जिला अध्यक्ष नियुक्त किया था। संगठन की सक्रियता और स्थानीय स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की दिशा में उनके प्रयासों को देखते हुए 21 अगस्त 2024 को उन्हें दोबारा यह जिम्मेदारी दी गई थी। अब 16 अगस्त 2025 को जारी हुई सूची में उन्हें लगातार तीसरी बार यह पद सौंपा गया है।

### चांदामेटा पुलिस ने की कार्यवाही, दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

# सालों ने मिलकर उतारा जीजा को मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा



सालों द्वारा मिलकर की गई जीजा की हत्या का चांदामेटा पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना चांदामेटा अन्तगर्त घटित हत्या की घटना के आरोपियो को किया गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा श्रीमती निवेदिता गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आयुष गुप्ता एवं अनु. अधि. (पु.) परासिया श्री जितेन्द्र सिंह जाट के नेतृत्व में थाना चांदामेटा के अप. क्रं. 202/2025 धारा 103(1), 3(5) BNS के मामले की गंभीरता पूर्वक विवेचना कर प्रकरण का पर्दाफाश कर आरोपियों की गिरफ्तारी करने के दिशा निर्देश दिये गये । प्रकरण में (मृतक) विक्की पिता बाबूलाल रावतेल उम्र 34 साल निवासी वार्ड नं. 12 भमोडी (चांदामेटा) की शादी से 5 – 6 साल पहले नंदनी रावतेल के साथ हुई थी । मृतक अपनी पत्नि नंदनी रावतेल को शराब पीकर पूर्व में मारपीट करता था इस कारण से मृतक की पत्नि नंदनी अपनी मायके ग्राम भमोडी कोलपुरा मोहल्ला में चली गई थी और वहीं रह रही थी बीच में भी मृतक विक्की अपनी पत्नि को लेने के लिये अपने ससुराल जाता था किन्तु मृतक की पत्नि अपने मृतक पति के साथ आती नही थी । घटना दिनांक 06.08.2025 की रात करीबन 10 – 11.00 बजे मृतक पुनः अपनी पत्नी नंदनी को लेने के लिये गया था पत्नि के द्वारा आने से मना करने पर तलाक देने के लिये बोला था इस बात से मृतक के साले अंकित रावतेल और आशीष रावतेल के द्वारा मृतक को लोहे की राड से सिर में प्राणघातक चोट पहुंचाकर तथा हाथ मुक्कों से मारकर नाले के गड्डे में फेंक दिये थे। दिनांक 07.08.2025 को सुबह उक्त दोनो आरोपी मृतक को सुबह नाले मे देखने गये थे इस बात की जानकारी मृतक के परिजनों को लगने पर परिजनों के द्वारा मृतक को घटना स्थल से उठाकर उपचार हेतु सीधे परासिया अस्पताल ले जाकर चेक कराने पर परासिया अस्पताल से रेफर होने पर जिला अस्पताल छिन्दवाडा एवं नागपुर मेडीकल कालेज में भर्ती कराया गया था उपचार के दौरान मृतक की मौत होने पर पी.एम. रिपोर्ट में सिर में गंभीर चोट आने से मौत होने का लेख किये जाने पर थाने के उक्त अपराध की विवेचना के दौरान आरोपियों के द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपियों को दिनांक 16.08.2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है । मृतक का नाम विक्की पिता बाबूलाल रावतेल उम्र 34 साल निवासी वार्ड नं. 12 भमोडी (चांदामेटा) जप्त सामग्रीएक लोहे की राड एवं मृतक का गमछा ।

**गिरफ्तार आरोपीगण** (1) अंकित पिता रामप्रसाद रावतेल उम्र 26 वर्ष (2) आशीष पिता राप्रसाद रावतेल उम्र -23 वर्ष दोनो निवासी–वार्ड नं.07 कोलपूरा मोहल्ला भमोडी (चांदामेटा)

## तामिया, सौंसर, पांढुर्णा, बिछुआ, सिंगोड़ी और परासिया में शासकीय और अशासकीय कार्यालयों में हुआ ध्वजारोहण

# धूमधाम एवं उत्साह से मनाया स्वतंत्रता दिवस, निकाली गई तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

79 वे स्वतंत्रता दिवस पूरे देश भर के साथ-साथ तामिया में भी बड़े धूमधाम एवं उत्साह से मनाया गया! स्वतंत्रता दिवस के पूर्व तिरंगा यात्रा निकाली गई स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सभी शासकीय कार्यालय रोशनी से जगमागये गए! स्वतंत्रता दिवस पर तामिया में सार्वजनिक स्वतंत्रता दिवस समारोह सांदीपनी स्कूल परिसर में मानाया गया! जहां पर जनपद अध्यक्ष द्वारा सार्वजनिक ध्वजारोहण किया गया! इसी तरह राजनीतिक दलों ने भी अपने-अपने कार्यालय में ध्वजारोहण किया! वहीं वीर बिरसा मुंडा की प्रतिमा जो हाल ही में पावर हाउस कॉलोनी में स्थापित की गई है! वहां पर भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया यहां पर भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष



दयाराम ईरपाची ने बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल पर ध्वजारोहण किया! एवं मिष्ठान वितरण कर स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया! वहीं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक परिसर में भी ध्वजारोहण किए गया? लेकिन इसमें बैंक प्रबंधन की लापरवाही चर्चा का विषय इसलिए बनी रही? सामने ही ग्राम पंचायत में सार्वजनिक ध्वजारोहण किया जाता है! जहां पर सभी ग्राम वासी उपस्थित रहते हैं! लेकिन लगभग 9:00 तक ग्रामीण बैंक मैं ध्वजारोहण नहीं हो पाया? जिसके लिए कर्मचारी एवं उपस्थित ध्वजारोहण करने आने वाले व्यक्ति का इंतजार करते रहे?इस तरह ग्रामीण बैंक में तिरंगा निश्चित समय से काफी देर बाद फहराया गया? जो पंचायत परिसर में आए लोगों में चर्चा का विषय बना रहा।

## नगर पालिका परासिया ने नागरिकों और मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**परासिया :-** नगर पालिका परासिया ने स्वतंत्रता दिवस पर मेधावी विद्यार्थियों और खास उपलब्धियां हासिल करने वाले नागरिकों का शुक्रवार को सम्मान किया। शुक्रवार को चार बजे नगर पालिका कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, उपाध्यक्ष महेष सोमकुंवर, सीएमओ भरत गजबे, ज्योति डेहरिया, सभापति पार्षदगणों के द्वारा होनहारों का सम्मान किया गया।कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा, कि विद्यार्थीगण मेहनत करते हैं। आज इस प्रतिस्पर्धा के युग में कई बार उनकी उपलब्धियों को महत्व नहीं मिल पाता। इसलिए भाजपा की परिषद ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और बेहतर उपलब्धियों के लिए प्रेरित करने की सोच के साथ ये कार्यक्रम आयोजित किया।



उन्होंने कहा, कि जो सफल नहीं हो पाए है उनको भी इससे प्रोत्साहन मिलता है। कार्यक्रम में नगर पालिका के सभापति सुषमा चौरसिया, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सोनम डेहरिया, महामंत्री सपना साहू, अनुसुईया, पार्षदगण ब्रजेश भलावी, रुकमा बंसोड, नीलोफर इस अवसर पर उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें और बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी।

## क्रेडिट सोसाइटी ने किया मेधावी छात्रों का सम्मान

**चांदामेटा / परासिया :-** कोयलांचल पेंच - कन्हान के होनहार और मेहनती छात्र - छात्राओं को क्रेडिट सोसाइटी चांदामेटा के द्वारा सम्मानित किया गया। छात्रों को पुरुष्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था ने पेंच और कन्हान के लगभग 270 छात्रों को सम्मानित किया।15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को क्रेडिट सोसाइटी के अध्यक्ष मारकंडे सूर्यवंशी ने सुबह ध्वजारोहण किया। उसके बाद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अध्यक्ष मारकंडे सूर्यवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण कपूर, पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया, नत्थन शाह, संस्था के उपाध्यक्ष अमित तिवारी, अच्छे लाल गुप्ता, प्रबंधक व्ही के श्रीवास्तवश्रमिक संगठन बी एम एस के महामंत्री निखलेश राहा, कुंवर सिंह की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने अपने वक्तव्य में छात्रों को उनकी सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनायें दी। अपनी मेहनत और लगन से बोर्ड परीक्षा 10 वीं और 12 वीं में उच्चतम अंक प्राप्त कर अपने माता पिता और अपने अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने पर छात्रों की सराहना की। संस्था के द्वारा बोर्ड परीक्षा 10 वीं और 12 वीं में 85 % से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

## श्रद्धा बरपेटे को बायोलॉजी विषय में टॉप करने पर मिला गोल्ड मेडल



**छिंदवाड़ा।** 15 अगस्त पर उत्कृष्ट विद्यालय की वर्ष 2024-25 में कक्षा बारहवीं में बायोलाजी विषय की छात्रा श्रद्धा बरपेटे पिता नरेश बरपेटे द्वारा बायोलॉजी विषय से कक्षा बारहवीं में टाप करने पर बालकृष्ण देशपांडे मेमोरियल ट्रस्ट के सदस्य अधिवक्ता अमोल डबली एस पी शुक्ला शरद देशपांडे विधालय के प्राचार्य डहेरिया सर द्वारा गोल्ड मेडल एंव प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया ज्ञातव्य हो कि विधालय के 1978 बेच के पास आउट विधार्थी एंव गुजरात के गांधीनगर यूनिवर्सिटी में वेटरनरी कॉलेज के डिन सतीश देशपांडे द्वारा अपने पिता की स्मृति में प्रति वर्ष बायोलॉजी से बारहवीं में टाप करने वाले विधार्थी को गोल्ड मेडल देकर पुरस्कृत किया जाता है।

## 35 छात्र-छात्राओं को समाजसेवी चड्डा ने भेंट किया गणवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

बहुउद्देशीय शिक्षण संस्थान बिछुआ बग्गू द्वारा संचालित सती अनुसूया माता माध्यमिक विद्यालय बिछुआ बग्गू में भाऊराव चौधरी की अध्यक्षता में नानालाल गोयल, प्रितम दिवानचंद चड्डा एवं सरपंच प्रमोद पातुरकर के मुख्य आतिथ्य में छात्र छात्राओं निःशुल्क गणवेश वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान संस्था अध्यक्ष भाऊराव चौधरी ने शासकीय सुविधा नहीं मिलने से शाला संचालन में हो रही कठिनाई को बताया, शासकीय शालाओं के भांति अशासकीय शालाओं के छात्र छात्राओं को शासन की ओर से निःशुल्क साइकिल, पाठ्य पुस्तके, मध्याह्न भोजन आदि की सुविधा नहीं मिल पाती इसी समस्या को देखते हुए संस्था परिवार तथा प्रधान पाठक पुरुषोत्तम भक्त के प्रयासों से समाजसेवी प्रीतम चड्डा से संपर्क कर निःशुल्क गणवेश के लिए निवेदन किया गरीब निर्धन बच्चों की समस्या को समझ में लेकर चड्डा ने गणवेश तथा कक्षाओं में पंखे की व्यवस्था का जिम्मा लिया तथा गणवेश वितरित किए जिसपर संस्था परिवार, ग्रामवासियों ने समाजसेवी प्रीतम चड्डा का आभार व्यक्त किया। श्री चड्डा ने अपने उद्बोधन में भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया कार्यक्रम में प्रमुख रूप सेसंस्था कोषाध्यक्ष रमेश पातुरकर, पत्रकार हंसराज बारस्कर, जनशिक्षक प्रदिप चौधरी,अल्केश पिंपलकर, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष विनोद उपासे, प्रशांत भक्ते, शिक्षक श्रीकांत भक्ते, प्रविण भक्ते, श्रीमती मीरा बाई भक्ते, श्रीमती पुष्पा बाई वाट, श्रीमती सुमित्रा बाई उपासे, शिक्षिका पल्लवी खंडाईत पेजे की प्रमुख रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार दिनकर पातुरकर ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक पुरुषोत्तम भक्ते ने किया।

### धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**सौंसर।** बहु उद्देशीय शिक्षण संस्था बिछुआ बग्गू द्वारा संचालित सती अनुसया माता माध्यमिक शाला बिछुआ बग्गू में सरपंच प्रमोद पातुरकर तथा ग्राम वासियों की उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया प्रधान पाठक पुरुषोत्तम भक्त द्वारा ध्वजारोहण किया गया साथही छात्र-छात्राओ को स्वल्पाहार का वितरण भी किया गया इस अवसर पर प्रमुख वक्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने-अपने विचार भी प्रकट किये।


## श्रीकृष्ण प्राकट्योत्सव पर किया गया पौधारोपण



**छिंदवाड़ा।** प्रकृतिमित्रों द्वारा प्रभु श्रीकृष्ण प्राकट्योत्सव पर नगर में पौधारोण करके मनाया गया। इस अवसर पर सभी मित्रगण नगर के ई.एल.सी चैक के पास बेण्डे निवास परिसर में स्थापित मंदिर प्रांगण में भगवान श्रीकृष्ण की पत्नि सत्यभामा का प्रिय पौधा पारिजात का पौधारोपण किया गया। इस संबंध में किवदंति है कि पारिजात का पौधा समुद्रमंथन से उत्पन्न हुआ है और स्वर्ग के राजा इंद्र ने इसे अपने स्वर्ग उद्यान में स्थापित किया। अन्य छायादार पौधों का पौधारोपण नागपुर रोड़ के किनारों पर किया गया। पौधारोपण में वृक्षवीर कृपाषंकर यादव, नगर पालिक निगम छि. से नरेष फरकसे,रामनारायण वर्मा, योगेष बेण्डे, श्रीमति ज्योति बेण्डे, कमलेष प्रजापति,लोकनाथ बेण्डे, श्रीमति देवी बेण्डे, मनीष बेण्डे, राजेष ठाकुर, दिलीप प्रजापति,काषीनाथ ठाकरे, प्रमोद चुग,भानू मालवी, एल.आर. दौड़के, गोपाल वर्मा आदि की गरिमामय उपस्थिती रही तथा अप्रत्यक्ष रूप में यातायात विभाग से अषोक शर्मा की सहभागिता रही।

## मामूली विवाद में बालकों ने किया हत्या का प्रयास

**सिंगोड़ीः** प्रार्थी बब्बू पिता दीना चंद्रवंशी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम महेंद्रवाडा (अमरवाड़ा) ने रिपोर्ट किया कि वह सुबह 7:30 बजे अपने घर से ब्लूबेरी प्लांट के पास वाले खेत में मवेशियों के लिए घास काटने गया था। इसी समय 02 लड़के इसके खेत के सामने लगे पेड़ों से डाली एवं पत्तियां तोड़ रहे थे, इसने पत्तियां तोड़ने से मना किया तो दोनों लड़कों ने वाद विवाद कर जान से मार देने की नीयत से सिर पर हसिया से मार दिया, रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 643/ 2025 धारा 296, 115 (2), 109(1), 3(5) **BNS** पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। **घायल का नाम** :-बब्बू पिता दीना चंद्रवंशी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम महेंद्रवाडा (अमरवाड़ा) **जप्त सामग्री** :-01. एक धारदार लोहे का हसिया,02. घटना में प्रयुक्त मो.साय.,03. कपड़े एवं अन्य भौतिक साक्ष्य
**गिरफ्तार आरोपीगण** :-दो विधि विरुद्ध
**पुलिस टीम** :-थाना प्रभारी निरी. राजेन्द्र धुर्वे, उप निरी. पंकज राय, सउनि राजकुमार सनोडिया, प्र. आर. इंद्रजीत ठाकुर, आर. पीयूष यादव, गुरमुख बघेल, आर. सूरज राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।





## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर पारस और प्रज्ञा ने धरा श्रीकृष्ण का रूप

**छिंदवाड़ा।** जन्माष्टमी के अवसर पर बच्चों ने श्रीकृष्ण का रूप धारण कर श्रीकृष्ण की आराधना का पर्व जन्माष्टमी उत्साहपूर्वक मनाया। चित्र में खजरी रोड स्थित शिक्षक कॉलोनी के पारस रत्नपारखी बने श्रीकृष्ण तो वहीं न्यू आरटीओ गाडरीढाना निवासी संतोष दिव्या सिंगोतिया की बिटिया कुमारी प्रज्ञा सिंगोतिया जन्माष्टमी पर्व पर श्रीकृष्ण की वेशभूषा धारण की।

# आजादी के जज्बे के साथ बेटियों ने फहराया तिरंगा, सुरक्षा अधिकारी बने मुख्य अतिथि

बालाघाट।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विसाग बायोफ्यूल्स परिसर में राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण गांव की दो मेधावी छात्राओं प्रिंसी तुरकर (कक्षा 8) और सिया ठाकरे (कक्षा 11) द्वारा किया गया। गंभीर भाव और तिरंगे के प्रति गहरी श्रद्धा के साथ दोनों छात्राओं ने इस दिन के असली मायने प्रस्तुत किए।कार्यक्रम में विशेष रूप से कंपनी के सुरक्षा अधिकारी उम्मेद सिंह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कंपनी के निदेशक अतुल वैद्य, अर्पित वैद्य, अंकित बोथरा तथा उपाध्यक्ष अशुतोष त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

आयोजन का संदेश स्पष्ट था कि मेहनत और उपलब्धि से हमेशा सम्मान मिलता है। दो मेधावी बेटियों का यह गौरवपूर्ण क्षण उपस्थित सभी के लिए प्रेरणादायक बन गया।



## मंसुरी वेलफेयर सोसायटी में फहराया गया तिरंगा, यौमे आजादी की मनाई गई 79 वर्षगांठ, उपाध्यक्ष समद कुरैशी ने किया ध्वजारोहण

बालाघाट।

मंसुरी वेलफेयर सोसायटी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को तिरंगा फहराया गया। यौमे आजादी की 79 वीं वर्षगांठ का आयोजन मुख्य अतिथि सोसायटी के उपाध्यक्ष समद कुरैशी द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया।

इस अवसर पर ध्वजारोहण मुख्य अतिथि और उपस्थित लोगों ने झंडे को सलामी दी। अतिथि समद कुरैशी ने कहा कि आजादी हमें ऐसे ही नहीं मिली है, जिसके लिए कई आंदोलन और लोगों को शहीद होना पड़ा है। आजादी हमें बड़े संघर्ष और बलिदान से मिली है। जिसके लिए ना जाने, कितनो में किसी ने अपने बेटे, किसी ने अपने भाई और किसी ने अपने पति को खो दिया, लेकिन आजादी के जज्बे को कम नहीं होने दिया। आजादी के लिए अपना सर्वस्व कुर्बान करने वाले उन शहीदों के कारण ही आज हम आजाद माहौल में जीवन जी पा रहे है। आज हम उन सभी शहीदों को नमन करते है और यह विश्वास दिलाते है कि हम अपनी आजादी को हमेशा अखंडित बनाए रखेंगे। आजादी के बाद आज देश तेजी से विकास कर रहा है, टेक्नोलॉजी के साथ हिन्दुस्तान आगे बढ़ रहा है और हम चाहते है कि देश का विकास, ऐसा ही होता रहे।



रिटायर्ड फौजी हाजी युसुफ जई कुरैशी ने बताया कि किस तरह शहीों ने अपना सर्वस्व कुर्बान कर हमें आजादी दिलाई है, उन्होंने बताया कि शहीदों ने जो आजादी का पेड़ लगाया था आज स्वतंत्र रूप से हम उसका फल खा रहे है। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष शकील मंसुरी ने किया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष हाजी अब्दुल खालिक कुरैशी, शकील मंसुरी, रिटायर्ड फौजी हाजी युसुफ जई कुरैशी, हाजी जाफर कुरैशी, शेर खां, आरिफ भाई, शेख रज्जाक भाई, राजिक कुरैशी, कयुम कुरैशी, अजमत खान, हमीद दिवान, रियाज अहमद, अकील खान, सहित मंसुरी वेलफेयर कम्प्युटर प्रशिक्षण केन्द्र के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र और छात्रा उपस्थित थे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन युवा कृषि विस्तार अधिकारी स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में सम्मानित



**बालाघाट।** कृषि के क्षेत्र में किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करने, उन्हें निरंतर मार्गदर्शन देने एवं विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बालाघाट जिले के तीन युवा कृषि विस्तार अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर जिला मुख्यालय बालाघाट में पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय भी उपस्थित थे । कृषि विस्तार अधिकारी वारासिवनी के श्री दिलेश कुमार खंडेलकर, बालाघाट के श्री मिलिन्द देशभ्रतार एवं खैरलांजी की सुश्री पूजा राहंगडाले को अपने विभागीय दायित्वों के साथ-साथ किसानों से सतत संपर्क कर उन्हें शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। यह तीनों अधिकारी युवा हैं और अथक परिश्रम कर अपने कार्यों को अंजाम तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं। इन युवा कृषि विस्तार अधिकारियों के कार्यों से विभाग के अन्य अधिकारियों को भी अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इन युवा कृषि विस्तार अधिकारियों को अपने प्रभार के क्षेत्र में कृषि योजनाओं का प्रचार प्रसार एवम लक्ष्य की पूर्ति करते हुए MILE, TS, बलराम ताल, विकसित कृषि संकल्प ,सोलर लाइट ट्रेप इत्यादि में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया है।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने इन सभी कृषि विस्तार अधिकारियों का उत्साहवर्धन कर उन्हें हार्दिक बधाईयां और शुभकामनायें दी है।

# पुलिस थाना, तहसील, जनपद पंचायत, बेसिक शाला के ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न स्थानों पर तिरंगा फहराया गया

किरनापुर

-स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठित स्थानों पर तिरंगा झंडा फहराया गया और राष्ट्रगान के साथ देशभक्ति का माहौल गूंज उठा। सुबह से ही नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियाँ जोरों पर रहीं।

सबसे पुलिस थाना, बीआरसी कार्यालय, तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत, गुजरी चौक, बेसिक शाला के ग्राउंड में विधायक राजकुमार कर्राहे भूतपूर्व विधायक सुश्री हिना लिखी राम कांवरे ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, पार्टी कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित थे।पुलिस थाने के थाना प्रभारी अशोक कुमार ननामा, बीआरसी कार्यालय में बीईओ गणेश सोनी, तहसील कार्यालय में मायाराम कोल, जनपद पंचायत में अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह, ग्राम पंचायत में सरपंच धर्मकला रामटेके, जेपी रामटेके, सचिव नालेश्वर बाघमोरे, सहायक सचिव



कैलाश बाहे बेसिक शाला के ग्राउंड में एनसीसी, स्काउट एंड गाइड के बच्चे द्वारा मार्क पास्ट कर सभी स्कूलो के छात्र एवं छात्राओं ने डांस प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें ईगल माउन्ट इंग्लिश स्कूल किरनापुर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया जिन्हें विधायक राजकुमार कर्राहे व एसडीएम मायाराम कोल ने शिल्ड व प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विधायक राजकुमार कर्राहे ने आकाश में गुब्बारे छोड़े गए जो दर्शकों के लिए आकर्षक का केंद्र रहा। जहाँ लोगों ने गांधी जी, भारत माता,डा.बाबा साहेब आंबेडकर ,के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और देश की एकता व अखंडता का संकल्प लिया।

## बस ऑपरेटर हम फाउंडेशन एजेंट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वधान में 47 यूनिट रक्त दान हुआः मुकेश चौहान

**बालाघाट।** बस आपरेटर एसोसिएशन एवं हम फाउंडेशन बालाघाट द्वारा 15 अगस्त को बस स्टैंड बालाघाट में 79 वां स्वतंत्रता दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया एवं रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। भारत की यौमे आजादी का पर्व 15 अगस्त को बस ऑपरेटर यूनियन, हम फाउंडेशन भारत एवं बस एजेंट संघ के संयुक्त तत्वधान में ध्वजारोहण कार्यक्रम किया गया। प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण बस ऑपरेटर यूनियन के अध्यक्ष मुकेश चौहान ने किया। जिसमें आपरेटर यूनियन के सचिव एवं हम फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष श्याम कौशल बस एजेंट संघ के संरक्षक गुड्डू कौशल, हम फाउंडेशन भारत के महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष युनूस खान पप्पा भाई, बस ऑनर आशीष साहू, पवन मंगे, करतार सिंह राजपूत एजेंट संघ के अध्यक्ष महबूब भाई, संतोष असाटी, संदीप नेमा एवं बड़ी संख्या में चालक परिचालक नागरिक गण शामिल रहे। इसके बाद प्रातः 11बजे से रक्त दान शिविर का आयोजन धर्म शाला में किया गया। प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री एवं बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व मंत्री श्री गौरीशंकर बिसेन, श्री रामकिशोर कावरे तथा पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य श्रीमती मौसम हरिनखेड़े की उपस्थिति में रक्तदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

# सिवनी में देशभक्ति और उल्लास के साथ मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस







**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

संपूर्ण भारत वर्ष के साथ सिवनी जिले में भी 79वां स्वतंत्रता का महापर्व हर्षोल्लास और गौरव के साथ मनाया गया। फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित हुए जिलास्तरीय मुख्य समारोह में तिरंगे की शान और देशभक्ति का जोश हर ओर बिखरा नजर आया। मुख्य अतिथि कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली तथा पुलिस अधीक्षक सुश्री सिमाला प्रसाद के साथ परेड निरीक्षण किया। इसके बाद सशस्त्र बल द्वारा किया गया हर्ष फायर वातावरण में रोमांच भर गया।

पुलिस बैंड की मनमोहक धुनों पर परेड कमांडर गौरव सिंह मर्सकोले एवं उप कमांडर जितेंद्र रावतकर के नेतृत्व में पुलिस बल, होमगार्ड, वन रक्षक, सीनियर व जूनियर एनसीसी, शौर्य दल और स्काउट-गाइड सहित 20 प्लाटून ने आकर्षक मार्चपास्ट कर सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने लोकतंत्र सेनानियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों से भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण इस वर्ष का नवाचार रहा—भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जनता के नाम लाइव संबोधन, जिसे उपस्थित जनसमूह ने उत्साहपूर्वक सुना। इसके बाद कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने जिले की कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई परियोजनाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों के साथ गिफ्ट अ डेस्क और मिशन जीवन पर्यंत जैसी नवाचार पहलों में जनसहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात शांति और सद्भाव के प्रतीक गुब्बारे छोड़े गए, जिनके उड़ते ही वातावरण में उल्लास और उत्साह की लहर दौड़ गई।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को और भी भव्य बना दिया। मिशन कन्या उच्चतर विद्यालय द्वारा दांडी यात्रा की जीवंत झलक, सेंट फ्रांसिस स्कूल और उदय पब्लिक स्कूल द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय द्वारा 'गिफ्ट अ डेस्क पहल एवं 'ऑपरेशन सिंदूर और जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जनजातीय क्रांतिकारियों पर केंद्रित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों की देशभक्ति से सराबोर प्रस्तुतियों ने स्टेडियम का माहौल देशभक्ति के रंग में रंग दिया। समारोह में 235 अधिकारी-कर्मचारियों, खिलाड़ियों और नागरिकों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मार्चपास्ट और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों एवं प्लाटूनों को भी पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय ने प्रथम, कन्या शिक्षा परिसर ने द्वितीय और सेंट फ्रांसिस स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विधायक सिवनी दिनेश राय, विधायक बरघाट कमल मर्सकोले, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष वैभव पवार, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, सीईओ नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर श्री सीएल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित सभी विभागों के प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों और युवाओं की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई।

### विशेष भोज में शामिल हुए कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधि

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह की मुख्य अतिथि कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन सांदीपनि विद्यालय, डुंडासिवनी में आयोजित विशेष भोज में शामिल हुईं। इस अवसर पर विधायक सिवनी श्री दिनेश राय, नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय, सहायक कलेक्टर पंकज वर्मा, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, एसडीएम सुश्री मेघा शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

विद्यालय पहुंचने पर स्कूली बच्चों एवं स्टाफ ने पुष्पवर्षा कर अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। बच्चों ने महाराष्ट्रीय फॉग डांस की आकर्षक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों को आयोजन की रूपरेखा से अवगत कराया और बच्चों की गतिविधियों की जानकारी दी।

विशेष भोज में कलेक्टर सुश्री जैन एवं अन्य अतिथियों ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया और उन्हें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। बच्चों ने भी देशभक्ति गीतों और प्रसन्न मुस्कान के साथ माहौल को उल्लासपूर्ण बना दिया। यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए विशेष दिन रहा, बल्कि उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के लिए भी एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

### कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर सुश्री जैन ने फहराया झंडा

79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने कलेक्टर कार्यालय एवं कैंप ऑफिस में ध्वजारोहरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन द्वारा जयस्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया एवं उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान अपर कलेक्टर सी.एल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री मेघा शर्मा, संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियंका वर्मा, सहायक कलेक्टर पंकज वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता दिवस पर में 100 बच्चों को फलदार एवं औषधि महत्व के पौधों का वितरण एवं रोपण

सिवनी, 15 अगस्त 2025 - स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड के मार्गदर्शन एवं सहयोग से जैव विविधता प्रबंधन समिति करकोटी एवं जैव विविधता प्रबंधन समिति पातरपोड़ी द्वारा जन्म दिवस पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 100 बच्चों को फलदार एवं औषधि महत्व के पौधों का वितरण कर उनके हाथों पौधारोपण करवाया गया।

कार्यक्रम का विशेष उद्देश्य पर्यावरण एवं जैव विविधता संरक्षण की दिशा में बच्चों को आजीवन प्रेरित करना है। प्रत्येक पौधा संबंधित बच्चे के जन्म दिवस के प्रतीक के रूप में लगाया गया। पौधों की देखभाल एवं पालन-पोषण के लिए समिति द्वारा प्रत्येक पौधे पर प्रति वर्ष 50 की राशि तीन वर्षों तक प्रदान की जाएगी, ताकि उनकी सुरक्षा एवं उचित विकास सुनिश्चित हो सके।

इस पहल की जानकारी मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड, भोपाल के सिवनी जिला समन्वयक , श्री राजेश टेंभरे द्वारा दी गई। कार्यक्रम में हरित उमंग संस्था के अध्यक्ष राजेश डहेरिया ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

### स्वतंत्रता की 79वीं वर्षगांठ पर सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ आयोजन

विद्या भारती सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज सिवनी में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रध्वज का आन वान, शान से आरोहण




सुजीत जैन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा द्वारा किया गया किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अनेक मनमोहन देशभक्ति से परिपूर्ण,जोश से भरे हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि के हाथों राष्ट्रध्वज के आरोहण से हुआ।

उपस्थित अतिथियों ने मां सरस्वती, भारत माता एवं ओम के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंगारंग शुभारंभ हुआ स मंच पर मुख्य अतिथि के साथ-साथ सिवनी के वरिष्ठ अधिवक्ता हरि सिंह ठाकुर, चंद्रशेखर ठाकुर, विद्या भारती सिवनी के जिला सचिव श्री विनीत जी अग्रवाल विवेकानंद बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष दीपक साहू विराजमान रहे। इस अवसर पर भावपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ कक्षा पंचम अष्टम दशम एवं द्वादश के मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मान किया गया।

इसके साथ-साथ विद्यालय के श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले आचार्य दीदियों का भी प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मान किया गया। समस्त कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की बहनों द्वारा किया गया। बहन स्वीरा राय क्लास 6वीं, बहन दीक्षा राय कक्षा एकादश, डेजी शरणागत कक्षा दशम ने किया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि सुजीत जैन प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य ने देश-भक्ति पूर्ण श्रेष्ठ सांस्कृतिक कार्यक्रम, अनुशासन, उत्तम परीक्षा परिणाम एवं संस्कार युक्त शिक्षा के लिये सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिये 50 डैक्स, बैंच प्रदान करने की घोषणा की।

## खबर संक्षेप

### 20 अगस्त तक भरें पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना (शैक्षणिक सत्र 2024-25) हेतु नए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यार्थी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कार्यालय सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, सिवनी द्वारा जारी जानकारी के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि 20 अगस्त 2025 तय की गई है। पात्र विद्यार्थियों से समय पर आवेदन करने की अपील की गई है, ताकि वे योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

### राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा 12 अक्टूबर को

**सिवनी।** राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल द्वारा जारी सूचना के अनुसार, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों के लिए आयोजित राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति योजना (NMMSS) की चयन परीक्षा 12 अक्टूबर 2025 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 5 अगस्त से 20 अगस्त 2025 तक किए जा सकते हैं। यह योजना भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2008 में प्रारंभ की गई थी। इसका उद्देश्य ऐसे विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं लेकिन शिक्षा के प्रति प्रतिभाशाली हैं। चयनित छात्रों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रति वर्ष 12,000 रूपये की दर से छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।पात्रता के अनुसार, केवल मध्यप्रदेश राज्य के सरकारी, सरकारी अनुदान प्राप्त एवं स्थानीय निकायों के विद्यालयों में कक्षा 8वीं में नियमित अध्ययनरत विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 7वीं में न्यूनतम 55% अंक आवश्यक हैं, हालांकि अनुसूचित जाति और जनजाति के विद्यार्थियों को 5% की छूट दी गई है।

## धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस स्वतंत्रता सैनानी का श्रीफल शॉल देकर सम्मानित किया

**सोनखार (प्रदीप तिवारी)**

विगत दिनो 79स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला परिसर बच्चो ने प्रभातफेरी निकाली परंपरागत तरीके से पहले बच्चो ने पंचायत भवन का ध्वजारोहण ग्राम के सरपंच श्रीमति ममता (ललित) बिसेन किया व फिर आगंनवाडी मे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने ध्वजारोहण किया फिर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक तोपसिंह देशमुख जी के दुकान देशमुख कृषि केन्द्र मे ध्वजारोहण किया फिर उपस्वथ केंद्र का ध्वजारोहण किया फिर प्राथमिक शाला पाठक ने ध्वजारोहण किया अंत मे माध्यमिक मे प्रधानाचार्य ने ध्वजारोहण किया तत्पश्चात बच्चो ने



रंगारंग कार्यक्रम से मन मुग्ध कर दिया व उसके पश्चात ग्राम की सरपंच महोदय व पूरी ग्राम पंचायत के दारा स्वतंत्रासंग्राम सैनानी श्रीमान ख्याल सिंह भैरम जी के यहा घर पर पहुंच कर साल -श्रीफल भेंट किया और समस्त पंचायत कर्मचारियो ने सभी ने तिलक फूल देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम मे सचिव सूरज सिंह बघेल फी उपस्थित रहे वरिष्ठ नागरिक ललित बिसेन,रामराव पटले ,श्याम पटले , राजकुमार उइके उजियार उइके, सहायक सचिव ,धर्मेंद्र, परदेशी जी,ललित परते व अनेको ग्राम के वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए।

## सीएमओ द्वारा लोकतंत्र सेनानियों को किया गया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 15 अगस्त 2025 को 79वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर पालिका परिषद सिवनी अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान उनके घर पहुंचकर किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी विशाल सिंह मर्सकोले द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बधाई शुभकामनाऐं देते हुए पुष्पमाला पहनाकर एवं शॉल श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। सिवनी नगर में रहने वाले लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके परिजन सुदर्शन बाझल, सुनील लुथरा, कृष्ण कुमार साहू, सुभाष नंदनवार, राजेश उपाध्याय, सैयद अहमद अली, महेश कश्यप, राजकुमार अग्रवाल, संतोष कठल, सुरेशचंद अग्रवाल, धमेन्द्र जैन, मोहन साहू, रघुराज सिंह बघेल, श्री दिनेश लुथरा, श्रीमति कमला दिवाकर, श्रीमति सूरज जैन, श्रीमति समसुदजिया, श्रीमति कुरेशा बी, श्रीमति प्रमिला जैन, श्रीमति मंजुला कौशल, श्रीमति कनीजा बानो, श्रीमति शहनाज परवीन, श्रीमति उर्मिला गुप्त, श्रीमति जुबेदा खान, श्रीमति शमीमा बी, श्रीमति ताहिरा बेगम, श्रीमति अलका मिश्रा, श्रीमति शारदा लोढा प्रत्येक के घर पहुंचकर नपा अधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाऐं दी। इस अवसर पर नगर पालिका सिवनी सहायक यंत्री श्रीमति देवेश्वरी धुर्वे, श्री विकास मेहरा, उपयंत्री, श्री विजय शर्मा लिपिक, राहुल मालवी, अजय चौधरी उपस्थित रहे।

## मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद केवलारी द्वारा मनाया जा रहा हर घर तिरंगा यात्रा

**केवलारी।** ग्राम खरसारू मे मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद केवलारी द्वारा विकासखंड केवलारी के समस्त ग्रामों में हर घर तिरंगा यात्रा का संचालन जोर-जोर से किया जा रहा है आज दिनांक 14 अगस्त 2025 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरसारू के स्कूल परिसर से तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ किया गया तिरंगा यात्रा बस स्टैंड से होते हुए माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला पहुंच कर वहां के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं की सहभागिता से यात्रा बाजार चौक होते हुए संपूर्ण ग्राम का भ्रमण किया इस तिरंगा यात्रा मे शाला के सभी छात्र-छात्रा एवं शिक्षक गण,अशोक




बेंद्रे ,विकास खंड समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद,परामर्शदाता राधेश्याम बंडेवार रामकृष्ण डेहरिया मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद केवलारी एवं हाई स्कूल खरसरू से सभी छात्र-छात्राओं के साथ प्राचार्य जगदीश प्रसाद साहू जी एवं शिक्षक अमरलाल चौरसिया हेमंत सैंडे, संत कुमार, सोनम जंघेला, खेलवंती रोशनी शरणागत माध्यमिक शाला से बालगोविन्द पाठक, बसंत राव धुर्वे, अनिल कुमार झारिया विनीता साहू,संतोष राणा, एवं समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति गरिमामयी रही

## यदुवंशियों एवं क्षेत्रीय श्रद्धालुजनों ने भव्य रूप से मनाया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

**16 अगस्त 2025 दिन शनिवार को छपारा नगर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के शुभ अवसर में यदुवंशी बंधुओं एवं समस्त क्षेत्रीय श्रद्धालु जनों के द्वारा भगवान श्री कृष्ण जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।**



शोभा यात्रा के दौरान केवलारी विधायक *ठा. रजनीश हरवंश सिंह जी* ने छपारा नगर में शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया और फल वितरण कर समस्त श्रद्धालुओं को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएँ प्रेषित की।

इस अवसर पर साथ ही वरिष्ठ जन श्री सूरज लाल बंजारा जी, पूर्व विधायक सिवनी रमेश जैन जी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष गुलाब साहू जी, महामंत्री रमेश चौहान जी, श्रीचंद अवधिया जी, नितिन जैन जी, सुरजीत सिंह ठाकुर जी, चन्द्रकुमार श्रीवात्री जी, रामेश्वर बंजारा जी, प्रदीप श्रीवास्तव जी समेत समस्त साथी गणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## जिला स्तरीय रोजगार मेला 20 अगस्त को

**सिवनी ।** जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में 20 अगस्त 2025 को "युवा संगम" कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। यह मेला प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सिवनी में होगा।

आयोजित मेले में देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनियां साक्षात्कार के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। नियोजकों द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एग्जिक्यूटिव, कॉल सेंटर ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की जाएगी।

उन्होंने बताया कि आयोजित मेले में ऐसे इच्छुक आवेदक जिनकी आयु सीमा 18 से 35 वर्ष हो एवं जो 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई एवं स्नातक उत्तीर्ण हों अपने सभी मूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित हो सकते हैं। इसके लिए किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर हिन्दू सेवा परिषद द्वारा किया रक्तदान



भैरोगंज निवासी एक जरूरत मन्द तनिशा ठाकुर जी के पिता जी ओर उनके भाई को रक्त की बहुत ज्यादा जरूरत थी तो वहां यहां वहां ढूंढते रहे उन्होंने पता किया तो उन्हें हिन्दू सेवा परिषद जिला सिवनी के बारे में पता चला तो उन्होंने हिन्दू सेवा परिषद के सदस्यों द्वारा पता चला तभी हिन्दू सेवा परिषद ने उनसे मिलने के बाद उन्हें एक बॉटल रक्त की व्यवस्था करवाके उनका इलाज जारी रखा और परिवार से मिलकर उन्हें ठीक होने की आशा जताई और उन्हें यहां अवगत करवाया की आपके पदोष में ओर कोई भी रक्त देने का इक्छुक हो तो उनसे संपर्क करे जिला महासचिव पिंकेश विश्कर्मा, गौ रक्षा प्रमुख गुरु श्रीवास , मंदिर देखरेख प्रमुख अजय विश्कर्मा,गौ रक्षाक धीरज चंद्रवंशी और अन्य सदस्य शामिल रहे।

## केनरा विद्या ज्योति योजना के तहत 6 छात्राओं को दी गई वित्तीय सहायता

**सिवनी।** कॉरपोरेंट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत केनरा बैंक द्वारा चलायी जा रही केनरा विद्या ज्योति योजना अंतर्गत केनरा बैंक मुख्य शाखा सिवनी के मुख्य प्रबंधक नीतेश कुमार श्रीवास्तव के द्वारा ग्राम पंचायत भाटीवाड़ा के सरपंच नूरदयाल सरयाम से अनमोदन लेकर शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला भाटीवाड़ा के 06 अनुसूचित जाति एवं जनजाति के प्रतिभावान छात्राओं को 14 अगस्त को वित्तीय सहायता प्रदान की गई, ताकि वे आगे भी व्यवस्थित रूप से अध्ययन-अध्यापन का कार्य कर सके। इस अवसर पर ग्राम भाटीवाड़ा में केनरा बैंक शाखा सिवनी के मुख्य प्रबंधक नीतेश कुमार श्रीवास्तव के मुख्यातिथ्य, सरपंच ग्राम पंचायत भाटीवाड़ा नूरदयाल सरयाम की अध्यक्षता एवं शाला के प्रधानपाठक के विशेष आतिथ्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं, केनरा बैंक के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणों सहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में केनरा विद्या ज्योति योजना के तहत छात्रा साक्षी पिता रघुवीर धुर्वे कक्षा 5 वीं को 3000 रूपये, सुमन पिता सुरेश उईके कक्षा 6 वीं को 3000 रूपये, नव्या पिता संतकुमार इनवाती कक्षा 7 वीं को 3000 रूपये, रंजनी पिता सवित भलावी 8 वीं कक्षा को 3000 रूपये, राजकुमारी पिता नंदराम सरयाम कक्षा 9 वीं को 5000 रूपये एवं साधना पिता देवेन्द्र उइके कक्षा 10 वीं को 5000 रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

इस दौरान केनरा बैंक के मुख्य प्रबंधक नीतेश कुमार श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं ग्रामीणों सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए केनरा बैंक की केनरा विद्या ज्योति योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

### ईश्वर नगर में निकला कोबरा सांप

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सर्प मित्र प्रवीण तिवारी द्वारा बचाव कर लिया गया इसकी जानकारी हिमांशु तिवारी, अनिल दुबे, आकाशदीप ठाकुर और कॉलोनी वासियों द्वारा दी गई।

### मूर्तियां बनाने का प्रशिक्षण दिया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश जनअभियान परिषद सिवनी के तत्वाधान में माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत श्री लाला राम चक्रवर्ती व अंगद राहंगडाले जी द्वारा गणेश जी की छोटी- मूर्तियां बनाने का प्रशिक्षण जिला कार्यालय मे दिया गया,जिसका उद्देश्य की पर्यावरण बचाने के लिए घर की मिट्टी से गणेश जी की स्थापना हो इस अवसर पर जिला समन्वयक सौरव शुक्ला जी,वि.ख.समन्वयक मोनिका चौरसिया, वि.ख.समन्वयक अनिल चौरे छपारा, वि.ख.समन्वयक श्रीमती शोभना ठाकरे बरघाट,राजेश टेंभरे,राजेश डेहरिया, डीपेन्द्र शुक्ला,मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाता श्रीमती कविता बेले, धीरेन्द्र चौरसिया,छात्राएं व नगर विकास समिति के सदस्यगण ने अपनी सहभागिता प्रदान दी।

### अग्रसेन भवन में जन्माष्टमी महोत्सव आज

**सिवनी।** जबलपुर रोड़ स्थित अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज के अग्रसेन माधवी मंच द्वारा 17 अगस्त को जन्माष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। अग्रवाल समाज समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में माधवी मंच की महिलाओं द्वारा जन्माष्टमी महोत्सव पर विभिन्न सांस्कृतिक व मनोरंजक कार्यक्रम रखे गए हैं। आयोजन समिति सदस्यों ने बताया कि महोत्सव में बच्चों व महिलाओं के विभिन्न कार्यक्रम होंगे। दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होने वाले कार्यक्रमों में सभी सामाजिकजनों से उपस्थिति की अपील की गई है।



### कातलबोड़ी छात्र छात्रों को 112 साईकिल प्राप्त हुई

मप्र शासन से प्राप्त निशुल्क साईकिल वितरण योजनान्तर्गत शा. उ.मा. वि. कातलबोड़ी को 112 साईकिल प्राप्त हुई थी। जिन्हें दिनांक 13/08/2025 को माननीय विधायक दिनेश राय मुनमुन जी की गरिमामयी उपस्थिति में वितरित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य घनश्याम सनोडिया जनपद सदस्य परसराम सनोडिया पूर्व सरपंच सुरेंद्र माल्या संस्था प्राचार्य मनीष सिंह बी. आर सी अरुण राय , बी ए सी कपिल बघेल जनशिक्षक नेलम पटेल,टी सी सनोडिया एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

